कलीसिया का खाली चैक
प्रेरितों के काम 1

यदि आपके पास बाइबल है, और मेरी आशा है कि आपके पास है, तो मेरे साथ प्रेरितों के काम 1 निकालें। जब आप प्रेरितों के काम 1 को ढूँढ़ रहे हैं, मैं आपके अन्दर परमेश्वर के अनुग्रह के लिए परमेश्वर के प्रति अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करना चाहता हूँ। पिछले सप्ताह हमने एक वर्ष के सम्पूर्ण बाइबल अध्ययन को पूरा कर लिया, और मैं ने आपके बीच में से बहुत सी कहानियाँ सुनी हैं और आप में से बहुत से लोग पहली बार पूरी बाइबल को पढ़ रहे थे और उसके द्वारा परमेश्वर को देख और जान रहे थे, इसलिए आप का धन्यवाद। वचन के लिए आपके जोश और संसार के लिए आपके जोश के लिए आप का धन्यवाद।

पिछले वर्ष, कलीसिया के रूप में हमने अपने शहर और संसार भर की जरूरतों के लिए हमने हमारे बजट में उससे कहीं अधिक का प्रावधान रखा जितना हमने पहले कभी दिया था, और स्पष्टतः, पिछला वर्ष आर्थिक रूप से बहुत कठिन था। वर्ष के दौरान ऐसे समय आए जब हम दिए जाने को देख रहे थे और कुछ सप्ताह पहले तक हमें निश्चय नहीं था कि यह सब कैसे पूरा होगा; क्या हम बजट की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो पाएँगे। हम बहुत पीछे थे, परन्तु इस वास्तविकता के लिए मैं परमेश्वर को महिमा देना चाहता हूँ कि इस पिछले वर्ष के अन्त में, आपने हमारे पिछले बजट की आवश्यकताओं का 99 प्रतिशत दे दिया, जो कुल मिलाकर पिछले वर्ष आपने जो दिया उससे लाखों डॉलर अधिक है। यथार्थ यह है कि विश्वास के परिवार के रूप में, हमने सुसमाचार के प्रसार के लिए बड़ी मात्रा में धन दिया है।

इसीलिए, आपके अन्दर परमेश्वर के अनुग्रह के लिए मैं परमेश्वर की स्तुति करता हूँ। आज सुबह जब मैं प्रार्थना कर रहा था तो आप ही के बारे में सोच रहा था, जब कलीसिया के रूप में मैं आपके लिए प्रार्थना कर रहा था तो मेरे मन में 2 थिस्सलुनीकियों 1:8 आया, जो बताता है कि किस प्रकार थिस्सलुनीके की कलीसिया और उनका विश्वास हर जगह पहुँच गया था। भाइयो और बहनो, प्रोत्साहन देने वाली बात यह है कि परमेश्वर विभिन्न प्रकार के सन्दर्भों में विभिन्न प्रकार के कार्य कर रहा है। आज सुबह मेरी मेज पर एक पत्र रखा था और मैं चाहता हूँ कि आप उसे सुनें।

यह एक युगल है जिन्होंने कहा, "प्रिय डेविड, हम आप की कलीसिया को धन्यवाद कहना चाहते हैं।" यह कोई ऐसा है जो हमारे विश्वास के परिवार से बाहर का व्यक्ति है। "34 वर्षों के वैवाहिक जीवन में हमने पहली बार एक साथ मिलकर ऊँची आवाज में बाइबल को पढ़ा। इस अनुभव ने अद्‌भुत रूप से हमारे जीवनोंः हमारे आपसी संबंध, यीशु के साथ हमारे निजी रिश्तों, और एक युगल के रूप में उसके साथ हमारे संबंध को सच्ची आशीष दी है। इसके अतिरिक्त, हर सप्ताह वचन के अध्ययन को सुनने से भी हमें आशीष मिली है। कुछ में हम अपनी बेटी के साथ शामिल हुए जो आपके विश्वास के परिवार में जाती है और दूसरों को हमने वेबसाईट पर सुना। हम 2011 में आप के साथ जारी रखने की प्रतीक्षा में हैं। हम प्रेरितों के काम का गहराई से अध्ययन करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कृपया इस प्रेम की भेंट का उपयोग करें जैसे भी प्रभु आप को अगुवाई देते हैं।" और उन्होंने उस में हमारी कलीसिया के लिए एक चेक को भेजा। इसे मैं ने केवल यह बताने के लिए पढ़ा है कि किस प्रकार आप का विश्वास बहुत से अलग–अलग सन्दर्भों में भाइयों और बहनों को प्रोत्साहित कर रहा है।

एक खाली स्लेट...

अतः, आज सुबह, मैं चाहता हूँ कि हम गहराई से अध्ययन के साप्ताहिक आहार से अलग हटें, पवित्रशास्त्र के केवल एक विशेष पद को देखें, और एक पूर्ण रूपरेखा से गुजरें और वास्तव में डुबकी लगाएँ। मैं चाहता हूँ कि हम अलग हटें और अपने दिलों को खोलें। हम कभी–कभार ऐसा करते हैं। हम उससे अलग हटते हैं जिसे प्रति सप्ताह हमें करने की जरूरत है, यानि वचन का गहराई से अध्ययन, और हम एक कदम पीछे हटकर पूछते हैं, "क्या हम वास्तव में उस पर विश्वास करते हैं जिसका हम अध्ययन कर रहे हैं? क्या हम वास्तव में इस पुस्तक पर विश्वास करते हैं?" ऐसा हम उन प्रवृत्तियों से बचाव के लिए करते हैं जो हमारी संस्कृति अत्यधिक व्याप्त हैं, केवल खेलना और कुछ नीरस दिनचर्याओं को पूरा करना।

इसलिए, हम पीछे हटते हैं, और पूछते हैं, "ठीक है। क्या हम वास्तव में अपने जीवनों को इस पुस्तक के अनुसार व्यवस्थित करना चाहते हैं? क्या हम वास्तव में अपनी कलीसिया को इस पुस्तक के अनुसार व्यवस्थित करना चाहते हैं?" हाल ही में परमेश्वर मेरे हृदय में कुछ कार्य करता रहा है परन्तु आज सुबह आप के साथ मैं एक पासबान के रूप में बाँटना चाहता हूँ। मैं चाहता हूँ कि हम इस खाली पृष्ठ से शुरू करें। मैं चाहता हूँ कि आप यहाँ हमारी कलीसिया की कल्पना करें। कल्पना करें कि और कुछ भी जुड़ा हुआ नहीं है। कल्पना करें कि भवन नहीं है, कोई कार्यक्रम नहीं है, कुछ भी नहीं है; केवल हमारे विश्वास के परिवार के लोग हैं, जो कि कलीसिया है, लोगों की एक मण्डली।

ऐसे लोगों के रूप में जो पाप, और विद्रोह, और कष्ट, और दर्द के संसार में रहते हैं; एक ऐसा संसार जहाँ तीन अरब लोग प्रतिदिन दो डॉलर से भी कम पर जीवनयापन करते हैं। उस समूह में से एक अरब लोग घोर गरीबी में जीते हैं; बहुत से लोग झुग्गियों में रहते हैं; ठीक इस समय उनमें से लाखों लोग भूख और निवारणीय रोगों के कारण मर रहे हैं क्योंकि उनके पास भोजन या औषधि नहीं है। अरबों लोग झूठे धर्मों में डूबे हुए हैं। लगभग डेढ़ अरब से अधिक लोगों ने कभी सुसमाचार ही नहीं सुना है। उनकी पहुँच सुसमाचार तक नहीं है, और ये सारे अरबों लोग ऐसी सड़क पर हैं जो अनन्त नरक की ओर जाती है जहाँ सदा–सर्वदा के लिए उन्हें यातनाएँ सहनी होंगी। यदि यह पुस्तक सत्य है तो अरबों लोगों को अनन्तकाल के लिए कष्ट सहना होगा।

हम सब जानते हैं कि यीशु आ चुके हैं; यीशु हमारे पापों के लिए क्रूस पर मरने आए। यीशु हमें हमारे पापों से बचाने के लिए आए। वह कब्र से जी उठे हैं; और हमें आशा दी है। हमें इस संसार में किसी भी बात से डरने की जरूरत नहीं है। हम जानते हैं कि मरने पर हम यीशु के साथ रहेंगे। इसे हम प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में देखते हैं। हम सदा के लिए उसके साथ रहेंगे। अब से पचास खरब वर्षों पश्चात्, हम उसके साथ होंगे और सदा–सर्वदा के लिए उसकी महिमा और उसकी खूबसूरती का आनन्द लेंगे। परमेश्वर के आत्मा ने मसीह को देखने और मसीह पर विश्वास करने के लिए हमारी आँखों और हमारे दिलों को खोला है। कितना बड़ा अनुग्रह, कितनी बड़ी दया है कि हमें पाप से बचा लिया गया है और हमें अपने आप से बचा लिया गया है। हमें नरक से बचा लिया गया है; हमें परमेश्वर के साथ चलने और मसीह का आनन्द लेने के लिए बचाया गया है और हमारे लिए स्वर्ग में अनन्तकाल की आशा है।

हम यहाँ पर हैं। परमेश्वर के आत्मा ने केवल हमें बचाया और हमारी आँखों को ही नहीं खोला है। उसने हमें भरा है; परमेश्वर का आत्मा हम में से प्रत्येक व्यक्ति में है जिसने मसीह पर विश्वास किया है। वही परमेश्वर का आत्मा हमारे अन्दर वास करता है, हम में से प्रत्येक के अन्दर, और परमेश्वर के लोगों के रूप में हमें इस सुसमाचार को पृथ्वी की छोर तक पहुँचाने की आज्ञा दी गई है।

तो, सवाल यह हैः यदि इस विशाल जरूरत वाले संसार में परमेश्वर के आत्मा से भरे हम सब लोगों के पास एक खाली स्लेट होती, हमारे पास सुसमाचार है, और हमें सुसमाचार को पृथ्वी की छोर तक पहुँचाने की आज्ञा दी गई है, तो इस आज्ञा को पूरा करने के लिए हम क्या करते? हम कहाँ से शुरू करते? यदि हमारे सामने कुछ नहीं होता, तो हम क्या करते? क्या हम सारे संसाधनों को एकत्रित करके दो करोड़ डॉलर भवन पर खर्च करते? क्या हम कोई ऐसा तरीका खोजने का प्रयास करते जिससे हम सब एक साथ एकत्रित होकर सम्पूर्ण कलीसिया के बीच में एक या दो उपदेशकों को सुन सकें और उसे इस प्रकार संगठित करें कि हमें सर्वोत्तम संगीत मिले और ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए सेवक लोग हों जो हमारी और हमारे बच्चों और हमारे परिवारों की जरूरतों को पूरा कर सके। क्या हम अपनी ऊर्जा और समय और संसाधनों को एक ऐसी परिस्थिति का निर्माण करने में लगाएँगे जो हमारे लिए सर्वाधिक आरामदायक हो, सर्वाधिक मनोरंजक हो, और सर्वाधिक खुशनुमा हो? क्या हमारी रणनीति ऐसी होगी? मैं नहीं सोचता कि ऐसी होगी। तब तो नहीं यदि हमें यह अहसास है कि हमारे चारों ओर संसार में क्या हो रहा है, और तब भी नहीं यदि हम उस वचन पर विश्वास करते हैं जो हमारे सामने है।

यदि हमारे पास केवल वचन जो हमारे सामने है और चारों ओर का संसार होता, और हम सोचते, "हम इस सुसमाचार को इस संसार में कैसे फैलाएँगे," मैं नहीं सोचता कि आप ऐसा कहते, "चलो हम एक भवन पर करोड़ों खर्च करते हैं।" हम कहते, "यह पुस्तक हमें एक बार भी कलीसिया के रूप में एक भवन का निर्माण करने की आज्ञा नहीं देती है।" यह पुस्तक कहती है कि आप का धन खर्च करने के लिए और भी बेहतर बातें हैं। इस पुस्तक के अनुसार हमें एक आराधनालय का निर्माण करने की आवश्यकता नहीं है; हम आराधना के घर हैं। मैं नहीं सोचता कि हम ऐसा कहते, "आओ हम कोई ऐसा तरीका खोजते हैं जिससे अधिक से अधिक लोग यहाँ एकत्रित हो सकें।"

यथार्थ यह है कि हम बाहर निकलना चाहते हैं। यदि हमें इस सुसमाचार को पृथ्वी की छोर तक ले जाने की आज्ञा दी गई है तो हमें फैलना होगा। हमें जाना होगा; हमें उनके हमारे पास आने की अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। वे हमारे पास नहीं आयेंगे। हमारे शहर के अधिकाँश खोए हुए लोग हमारे पास नहीं आ रहे हैं। हमें उनके पास जाना होगा। हमें बिखरकर उनके पास जाना होगा। अच्छी बात यह हैः इसे करने के लिए हमें कर्मचारियों को रखने की भी जरूरत नहीं है। हम सब में परमेश्वर का आत्मा है। यह अच्छा है। इस कलीसिया में हजारों लोग हैं जिनमें परमेश्वर का अलौकिक आत्मा है। वह सामर्थ है, इसलिए आओ, हम बिखर जाएँ। अब, जब हम बिखरते हैं, जब हम पड़ोस में जाते हैं, हमारे पड़ोस में, हमारी नौकरी के स्थानों में और इस शहर में हमारे चारों ओर तथा समुदायों में ऐसे लोग हैं जिनके पास हम अक्सर नहीं जाते हैं। हमें संसार में बिखरना है, और जब हम ऐसा करते हैं, तो हमें एक–दूसरे की जरूरत पड़ेगी। इसे हम अकेले नहीं कर सकते हैं, इसलिए हमें एक–दूसरे की जरूरत उससे भी अधिक होगी जब एक साथ एकत्रित होते समय हमें एक–दूसरे की जरूरत होती है।

यदि हम एक साथ मिलकर सुसमाचार के साथ इस संसार के पीछे जा रहे हैं, तो वास्तव में हमें एक–दूसरे की जरूरत पड़ेगी। इसलिए, हमें एक साथ एकत्रित होने की जरूरत है। अब, हम सबको एक साथ एक ही स्थान पर एकत्रित होने की जरूरत नहीं है। ऐसे स्थान हैं जहाँ हम एकत्रित हो सकते हैं। हमारे घर हैं। कार्यालय हैं। ऐसे स्थान हैं जहाँ हम एकत्रित हो सकते हैं और हम एक–दूसरे को प्रोत्साहित कर सकते हैं। हम जीवन को एक साथ मिलकर बाँट सकते हैं। हमें एक–दूसरे के बच्चों की देखभाल करनी है और एक–दूसरे के विवाहों में सहायता करनी है और अविवाहित होने की स्थिति में उसे अधिकतम करना है। हमें विधवाओं की देखभाल करनी है। हमें केवल एक उपदेशक से सुनने के लिए एक साथ एकत्रित होने की जरूरत नहीं है। मेरा मतलब है, हम सबके बीच में, यहाँ कई उपदेशक हैं। वास्तविकता यह है, जब तक यह वचन है, हमें इसी की जरूरत है। हमें किसी एक शिक्षक की जरूरत नहीं है; हमें वचन की जरूरत है। यदि यह परमेश्वर का वरदान है कि किसी के लिए सिखाना जरूरी है, तो जरूरी नहीं कि यह हजारों

लोगों के सामने हो; यह 20 लोगों के साथ भी हो सकता है। हम वचन चाहते हैं। हम एक–दूसरे को संसार में जाने के लिए तैयार करना चाहते हैं। मेरे विचार में यदि हमारे पास एक खाली स्लेट होती तो हम ज्यादा इसी प्रकार सोचते।

और इसमें, मैं आप को प्रेरितों के काम की पुस्तक की एक तस्वीर देना चाहता हूँ। आपने प्रेरितों के काम की पुस्तक को पढ़ा और हम अगले ग्यारह सप्ताहों तक प्रेरितों के काम की पुस्तक को पढ़ेंगे। हम प्रेरितों के काम की पुस्तक में ऐसी बातों को अधिक नहीं देखेंगे जिन्हें आज हम कलीसिया से जोड़ते हैं। हम अत्यधिक भिन्न तस्वीर को देखने वाले हैं। अब, मैं यहाँ सावधान रहना चाहता हूँ क्योंकि प्रेरितों के काम की पुस्तक में सब कुछ आदेशात्मक नहीं है। दूसरे शब्दों में, हर बात का मतलब यह नहीं है कि, "तुम्हें इस कार्य को सदा तक ठीक इसी प्रकार करना है।" हम इसके बारे में बात करेंगे जब हम आगे बढ़ते हैं और अध्ययन करते हैं। प्रेरितों के काम की पुस्तक में सब कुछ सिद्ध नहीं है, और यह आसान नहीं है।

वास्तविकता यह है कि हम ऐसे लोगों को देखने वाले हैं जो अपना जीवन खो देते हैं, जिनका सिर कटवा दिया जाता है। प्रेरितों के काम 2 के अन्त हम ऐसे लोगों को देखेंगे जो संख्या में हमारी कलीसिया से कम थे। प्रेरितों के काम 2 के अन्त में 3,000 से कुछ अधिक लोग हैं जो आने वाले अध्याय की ओर बढ़ते हैं। हम समुदायों और नगरों और जातियों में तितर–बितर होने को देखेंगे; हम संसार भर में लोगों को कलीसियाओं की शुरूआत इस प्रकार करते हुए देखेंगे जिसके बारे में प्रेरितों के काम 17:6 कहेगा, "ये लोग संसार को उलट–पुलट कर रहे हैं।" हमें सोच रहा हूँ, यदि इस कमरे में हमारे अन्दर भी वही आत्मा है, यदि हमारी गिनती उनसे बढ़कर है, तो हम भी किसी ऐसी बात का हिस्सा क्यों नहीं बन सकते हैं? क्यों नहीं?

एक खाली चैक...

यहीं पर मैं आज सुबह कलीसिया के रूप में हम सब को परमेश्वर को एक खाली चैक देने की चुनौती देना चाहता हूँ। हम अपने जीवनों के साथ परमेश्वर को एक खाली चैक देने के बारे में बात करत हैं, और मैं पहले भी बहुत बार उसका वर्णन कर चुका हूँ। हम में से प्रत्येक के जीवनों के साथ हमें परमेश्वर से कहने की आवश्यकता है, "प्रभु आप जो भी मुझ से करवाना चाहते हैं, जहाँ भी मुझे ले जाना चाहते हैं, जैसे चाहते हैं कि मैं अपनी जीवन व्यतीत करूँ, मैं इसे करूँगा।" हमें अपने जीवनों से परमेश्वर को एक खाली चैक देने की आवश्यकता है; इसी की यीशु माँग करता है और इसी के वह योग्य है।

मैं अब और आने वाले दिनों में हम सबके सामने यह चुनौती रखना चाहता हूँ कि हम हमारी कलीसिया के साथ परमेश्वर को एक खाली चैक दें। परमेश्वर से कहें, "परमेश्वर, यदि आप चाहते हैं कि हम इस भवन को बेच दें, तो हम ऐसा ही करेंगे। परमेश्वर यदि आप चाहते हैं कि हम अपने हर एक कार्यक्रम को हटा दें, तो हम ऐसा ही करेंगे। परमेश्वर, यदि आप चाहते हैं कि हम हमारे विश्वास के परिवार को पूरी तरह पुनः संगठित करें, तो हम इसे करेंगे। यह खाली चैक है; कोई शर्त नहीं जुड़ी है।" आज सुबह, मैं आप को दस कारण बताना चाहता हूँ कि हमारे लिए उसे इस प्रकार का खाली चैक देना क्यों जरूरी है। हम बहुत तेजी से आगे बढ़ेंगे, परन्तु मैं विशेष रूप से प्रेरितों के काम 1 और 2 में आप को दस कारण दिखाना चाहता हूँ कि कलीसिया के रूप में हमारे लिए परमेश्वर को एक खाली चैक देना क्यों जरूरी है।

यीशु पूर्ण समर्पण के योग्य है।

पहले बिन्दू से आरम्भ करते हैं। यदि आप प्रेरितों के काम 1 पर आते हैं, तो परमेश्वर को खाली चैक देने का पहला कारण है कि यीशु पूर्ण समर्पण के योग्य है। यह पहला कारण है। अब, प्रेरितों के काम 1:1 कहता है, *"पहली पुस्तक में..."* विराम। पहली पुस्तक क्या है? लूका की पुस्तक पहली है; लूका द्वारा लिखी गई एक और पुस्तक है जो लूका की पुस्तक कहलाती है। आप के पास लूका और प्रेरितों के काम हैं, एक प्रकार से एक श्रंखला के दो भाग हैं, और यह लूका की पुस्तक की अगली कड़ी है।

अतः, आरम्भ से ही मैं आप को लूका की पुस्तक में डाली गई नींव के बारे में याद दिलाना चाहता हूँ। नींव जो डाली गई है वह एक उद्धारकर्ता, प्रभु और राजा की तस्वीर है जो पूर्ण समर्पण के योग्य है। मेरे साथ लूका 9 पर आएँ। मैं आप को लूका की पुस्तक में कुछ वचनों को रेखांकित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहूँगा। वे हमें याद दिलाते हैं कि यीशु के पीछे चलने का क्या मतलब है। लूका 9:23–24 में हम उद्धारकर्ता को देखते हैं जिसके पीछे हम सब चलते हैं। उद्धारकर्ता, जिसने लूका 9:23 में प्रत्येक व्यक्ति से कहा, *"यदि कोई मेरे पीछे आना चाहे, तो अपने आप से इन्कार करे और प्रतिदिन अपना क्रूस,"* जो कि यातना एवं मृत्युदण्ड का एक औजार है *"उठाए हुए मेरे पीछे हो ले।" क्योंकि जो कोई अपना प्राण बचाना चाहेगा वह उसे खोएगा, परन्तु जो कोई मेरे लिए अपना प्राण खोएगा वही उसे बचाएगा।"*

आप को अपना प्राण खोना है। मसीही, आप ने अपना जीवन खो दिया है; आप खुद के लिए मर गए हैं। आप लूका 9:57 पर आते हैं, और लिखा है, *"जब वे मार्ग में चले जाते थे, तो किसी ने उस से कहा, 'जहाँ जहाँ तू जाएगा, मैं तेरे पीछे हो लूँगा।' यीशु ने उस से कहा, 'लोमड़ियों के भट और आकाश के पक्षियों के बसेरे होते हैं, पर मनुष्य के पुत्र को सिर धरने की भी जगह नहीं।'"* यीशु कहते हैं, "तुम कहते हो कि तुम मेरे पीछे हो लोगे। तुम्हें यह अहसास होना चाहिए कि तुम्हारे लिए आवास की मूलभूत आवश्यकता की भी गारण्टी नहीं है। तुम मेरे पीछ आओ; केवल मैं तुम्हें मिलूँगा।" आज हमने कलीसिया में एक ऐसे मुक्तिदाता की आराधना के लिए अजीब रणनीतियाँ बना ली हैं जिसके पास सिर ढ़कने तक के लिए जगह नहीं थी।

"उस ने दूसरे से कहा, 'मेरे पीछे हो ले;' उस ने कहा; 'हे प्रभु, मुझे पहले जाने दे कि अपने पिता को गाड़ दूँ।' उस ने उस से कहा, 'मरे हुओं को अपने मुरदे गाड़ने दे, पर तू जाकर परमेश्वर के राज्य की कथा सुना।'" तुम्हारे पिता के अन्तिम संस्कार में जाने से महत्वपूर्ण मेरे राज्य की घोषणा करना है। *"एक और ने भी कहा; 'हे प्रभु, मैं तेरे पीछे हो लूँगा; पर पहले मुझे जाने दे कि अपने घर के लोगों से विदा हो आऊँ।' यीशु ने उस से कहा; 'जो कोई अपना हाथ हल पर रखकर पीछे देखता है, वह परमेश्वर के राज्य के योग्य नहीं।'"* दूसरे शब्दों में, माता और पिता के पास अलविदा कहने के लिए भी मत जाओ। जाओ। यह पूर्ण समर्पण है।

आप अगले अध्याय पर आते हैं, लूका 10:3, और यीशु अपने 72 चेलों को भेज रहे हैं, और लूका 10:3 में यीशु कहते हैं, *"जाओ; देखो, मैं तुम्हें भेड़ों की नाईं भेड़ियों के बीच में भेजता हूँ।"* यह कोई अच्छा समाचार नहीं है। यदि आप भेड़ियों से घिरी हुई भेड़ हैं, तो आप अच्छी हालत में नहीं हैं। आप एक खतरनाक दशा में हैं। यह सांत्वना देने की बुलाहट नहीं है। यह बलिदान की बुलाहट है।

लूका 12:22 पर आएँ। मुझे यह परिच्छेद पसन्द है। आप केवल चेलों द्वारा ऐसे वचनों को सुनने की कल्पना कर सकते हैं। हम इस प्रकार के वचनों को सुनते हैं, और हम सोचते हैं, "इसका क्या मतलब है? पूर्ण समर्पण और बलिदान?" आप चिन्ता करने लगते हैं कि इसका क्या मतलब है, और सुनें यीशु क्या कहते हैं: लूका 12:22 में, "फिर उस ने अपने चेलों से कहा;"

> *इसलिए मैं तुम से कहता हूँ, अपने प्राण की चिन्ता न करो, कि हम क्या खाएँगे; न अपने शरीर की कि क्या पहनेंगे। क्योंकि भोजन से प्राण, और वस्त्र से शरीर बढ़कर है। कौवों पर ध्यान दो: वे न बोते हैं, न काटते; न उन के भण्डार और न खत्ता होता है; तौभी परमेश्वर*

उन्हें पालता है; तुम्हारा मूल्य पक्षियों से कहीं अधिक है। तुम में से ऐसा कौन है, जो चिन्ता करने से अपनी अवस्था में एक घड़ी भी बढ़ा सकता है? इसलिए यदि तुम सब से छोटा काम भी नहीं कर सकते, तो और बातों के लिए क्यों चिन्ता करते हो? सोसनों के पेड़ों पर ध्यान करो कि वे कैसे बढ़ते हैं; वे न परिश्रम करते, न कातते हैं: तौभी मैं तुम से कहता हूँ, कि सुलैमान भी, अपने सारे विभव में, उन में से किसी एक के समान वस्त्र पहने हुए न था। इसलिए यदि परमेश्वर मैदान की घास को जो आज है, और कल भाड़ में झोंकी जाएगी, ऐसा पहनाता है; तो हे अल्पविश्वासियो, वह तुम्हें क्यों न पहनाएगा? और तुम इस बात की खोज में न रहो, कि क्या खाएँगे और क्या पीएँगे, और न सन्देह करो। क्योंकि संसार की जातियाँ इन सब वस्तुओं की खोज में रहती हैं: और तुम्हारा पिता जानता है, कि तुम्हें इन वस्तुओं की आवश्यकता है। परन्तु उसके राज्य की खोज में रहो, तो ये वस्तुएँ भी तुम्हें मिल जाएँगी। हे छोटे झुण्ड, मत डर; क्योंकि तुम्हारे पिता को यह भाया है, कि तुम्हें राज्य दे। अपनी संपत्ति बेचकर दान कर दो; और अपने लिए ऐसे बटुए बनाओ, जो पुराने नहीं होते, अर्थात् स्वर्ग पर ऐसा धन इकट्ठा करो जो घटता नहीं और जिस के निकट चोर नहीं जाता, और कीड़ा नहीं बिगाड़ता। क्योंकि जहाँ तुम्हारा धन है, वहाँ तुम्हारा मन भी लगा रहेगा।

क्या आप सुन रहे हैं जो वह यहाँ कह रहा है? अतः, जब मैं कहता हूँ कि यीशु पूर्ण समर्पण के योग्य है, तो उससे मेरा मतलब यह है कि आप अपने जीवन में सब कुछ छोड़ सकते हैं, और भरोसा रख सकते हैं कि वह भला है। चाहे यह आपके चारों ओर के संसार को पागलपन लगे, हम उस पर भरोसा रख सकते हैं। जब वह कुछ करने के लिए कहता है, हम उस पर भरोसा रख सकते हैं। वह ऐसे समर्पण के योग्य है।

आप लूका 14:25 पर आएँ। *"और जब बड़ी भीड़ उसके साथ जा रही थी, तो उस ने पीछे फिरकर उन से कहा।"* पद 26, *"यदि कोई मेरे पास आए, और अपने पिता और माता और पत्नी और लड़केबालों और भाइयों और बहनों वरन अपने प्राण को भी अप्रिय न जाने, तो वह मेरा चेला नहीं हो सकता।"* यह साहसी है। हमें उससे इस प्रकार प्रेम करना है कि उसकी तुलना में इस संसार के हमारे निकटतम रिश्ते अप्रिय लगने लगें।

और जो कोई अपना क्रूस न उठाए; और मेरे पीछे न आए; वह भी मेरा चेला नहीं हो सकता। तुम में से कौन है कि गढ़ बनाना चाहता हो, और पहले बैठकर खर्च न जोड़े, कि पूरा करने की बिसात मेरे पास है कि नहीं? कहीं ऐसा न हो, कि जब नींव डालकर तैयार न कर सके, तो सब देखने वाले यह कहकर उसे ठट्ठों में उड़ाने लगें। कि यह मनुष्य बनाने तो लगा, पर तैयार न कर सका?या कौन ऐसा राजा है, कि दूसरे राजा से युद्ध करने जाता हो, और पहले बैठकर विचार न कर ले कि जो बीस हजार लेकर मुझ पर चढ़ा आता है, क्या मैं दस हजार लेकर उसका सामना कर सकता हूँ, कि नहीं? नहीं तो उसके दूर रहते ही, वह दूतों को भेजकर मिलाप करना चाहेगा।

क्या आप सुन रहे हैं कि वह यहाँ क्या कह रहा है? यीशु कह रहे हैं, "मेरे पास ऐसे ही मत आओ।" निश्चित रूप से, इसमें केवल एक प्रार्थना करने से अधिक शामिल है; यह यीशु के सामने आपके जीवन का समर्पण है। पद 33 में वह कहता है, *"इसी रीति से तुम में से जो कोई अपना सब कुछ त्याग न दे, तो वह मेरा चेला नहीं हो सकता।"*

जब आप लूका 18 पर आते हैं, लिखा है, *"किसी सरदार ने उस (यीशु) से पूछा, हे उत्तम गुरू, अनन्त जीवन का अधिकारी होने के लिए मैं क्या करूँ?"* पद 19, *"यीशु ने उस से कहा; तू मुझे उत्तम क्यों कहता है? कोई उत्तम नहीं, केवल एक, अर्थात् परमेश्वर।"* पद 20,

"तू आज्ञाओं को तो जानता है, कि व्यभिचार न करना, झूठी गवाही न देना, अपने पिता और अपनी माता का आदर करना। उस ने कहा, मैं तो इन सब को लड़कपन ही से मानता आया हूँ। यह सुन, यीशु ने उस से कहा, तुझ में अब भी एक बात की घटी है, अपना सब कुछ बेचकर कंगालों को बाँट दे; और तुझे स्वर्ग में धन मिलेगा, और आकर मेरे पीछे हो ले।"

अब, इस परिच्छेद का मतलब यह नहीं है कि यीशु के पीछे आने वाले हर एक व्यक्ति के लिए अपना सब कुछ बेचकर कंगालों को देना जरूरी है, परन्तु इसका मतलब यह है कि यीशु अपने पीछे आने वाले किसी भी व्यक्ति से अपना सब कुछ बेचकर कंगालों को देने के लिए कह सकते हैं। हमारी संपत्तियों में से कुछ भी हमारा अपना नहीं है। सब कुछ यीशु का है, और हमने सब कुछ उसे प्रयोग करने के लिए दे दिया है। अतः, लूका की पुस्तक में यीशु की यही तस्वीर है।

अतः, जब हम प्रेरितों के काम 1 पर आते हैं, हम इन लोगों को याद करते हैं, जब सारी भीड़ चली गई तब शेष बचे हुए लोग वही हैं जिन्होंने कहा, "हाँ। हाँ, वह पूर्ण समर्पण के योग्य है।" आप आरम्भ में यहाँ इन चेलों को देखें। यहूदा, स्पष्टतः, अब वहाँ नहीं है, अतः ग्यारह लोग बचे हैं। उनमें से दस शहीद हुए। एक जो बच गया वह निर्वासन में मरेगा क्योंकि उसे सुसमाचार की घोषणा के कारण निर्वासित कर दिया गया था। इनमें से हर एक को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

मैं हमारी मण्डली के उन लोगों के बारे में सोचता हूँ जो संसार की सबसे खतरनाक जातियों में जा रहे हैं। मैं किसी भी प्रकार से इसे अत्यधिक नाटकीय रूप नहीं देना चाहता, परन्तु मैं यह जरूर चाहता हूँ कि हम इस बात की गम्भीरता को महसूस करें कि वे कहाँ जा रहे हैं। जब हम उन्हें भेजने की तैयारी कर रहे थे तो मैं अपने आप को उस पत्र के बारे में सोचने से नहीं रोक सका जो अदोनीराम जडसन ने अपने भावी ससुर को लिखा था। वह ऐन से विवाह करना चाहता था और उसे अपने साथ अन्यजातियों में सुसमाचार सुनाने के लिए समुद्रपार ले जाना चाहता था। अतः, उसने इस पत्र को लिखा। वह ऐन से विवाह करने की अनुमति माँग रहा है। सुनें वह क्या लिखता है,

> अब मुझे यह पूछना है कि क्या आप अगले बसन्त के आरम्भ में अपनी बेटी से अलग होने; उसे फिर कभी इस संसार में न देखने की अनुमति दे सकते हैं। क्या आप उसके प्रस्थान और मिशनरी जीवन की कठिनाईयों और कष्टों को सहने की अनुमति दे सकते हैं। क्या आप उसके द्वारा समुद्री खतरों का सामना करने में अपनी सहमति दे सकते हैं। भारत के दक्षिणी मौसम के घातक प्रभाव का सामना करने में अपनी सहमति दे सकते हैं। हर प्रकार की चाहत और तनाव; अपमान, निन्दा, सताव, और संभवतः हिंसक मौत के लिए अपनी सहमति दे सकते हैं। क्या आप उसकी खातिर इन सारी बातों में अपनी सहमति दे सकते हैं जिसने अपना स्वर्गीय छोड़ दिया और उसके लिए तथा आपके लिए मर गया? नाश होने वाली अनश्वर आत्माओं के लिए; परमेश्वर की महिमा के लिए? क्या आप इन सारी बातों की सहमति इस आशा से दे सकते हैं कि आप जल्द ही अपनी बेटी से महिमा के संसार में धार्मिकता के मुकुट के साथ उन अन्यजातियों द्वारा मुक्तिदाता की स्तुति के स्वरों के बीच मुलाकात करेंगे जिन्हें उसके माध्यम से विनाश और हताशा से बचा लिया गया?

पिताओः यदि आप को अपनी बेटी के बारे में यह पत्र मिलता तो? उसने कहा, "हाँ," और वे दोनों चले गए, और ऐन की वही प्रचार के क्षेत्र में मृत्यु हो गई।

अतः, जब मैं इन लोगों को देखता हूँ तो मैं ऐसे लोगों को देखता हूँ जो अपना जीवन देने के लिए तैयार हैं। यदि वे अपना जीवन देने के लिए तैयार हैं, तो निश्चित रूप से, हम अपनी इमारत देने के लिए तैयार होंगे। यदि वे अपना जीवन देने के लिए तैयार हैं, तो निश्चित रूप से, हम अपना कोई कार्यक्रम या आराम

छोड़ने के लिए तैयार होंगे। यह उन लोगों के लिए अपरिहार्य परिणाम है जो यीशु के पीछे चलते हैं। हमारे जीवन उसके लिए समर्पित हैं। इसलिए, जब हम एक साथ एकत्रित होते हैं तो हम कुछ भी मजबूती से नहीं पकड़ते हैं। सब कुछ उसका है। यदि हम यीशु के पीछे चलने वाले लोग हैं तो हमारे लिए और कोई विकल्प नहीं है।

यीशु अपने राज्य को बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है।

तो, पहला कारण है कि यीशु पूर्ण समर्पण के योग्य है। दूसरा कारण है, कि यीशु अपने राज्य को बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है। प्रेरितों के काम 1:1 पर वापस लौटें। "हे थियुफिलुस, मैं ने पहली पुस्तिका उन सब बातों के विषय में लिखी, जो यीशु ने आरम्भ में किया और करता और सिखाता रहा।" यहाँ थोड़ा रूकें। हम पहले ही पद पर हैं, परन्तु सुनें लूका ने अभी क्या कहा है। उसने कहा मेरी पहली पुस्तिका में। लूका की पुस्तिका; यीशु के जीवन की कहानी। उसका जीवन; उसकी मृत्यु; उसका पुनरूत्थान। उसने कहा, "मैं ने तुझे वह सब बता दिया जो यीशु ने करना और सिखाना आरम्भ किया था।" यदि उसने केवल आरम्भ किया था, तो इसका मतलब है कि अभी और अधिक आने वाला है। उसने लूका में आरम्भ किया, और अब प्रेरितों में काम में वह अपने उसी कार्य को आगे बढ़ा रहा है।

अब, समस्या यह है कि जब आप प्रेरितों के काम 1:11 पर आते हैं, तब तक यीशु जा चुका है। ग्यारह छोटे–छोटे पद और यीशु स्वर्ग की ओर चला जाता है। वह स्वर्ग में चला जाता हे, और खूबसूरती यह हैः इस सारी पुस्तक के दौरान लूका यह दिखाना चाहता है कि यीशु एक उद्देश्य के लिए स्वर्ग में है। वह पृथ्वी पर अपने राज्य को बढ़ाने के लिए स्वर्ग में है। आप देखते हैं कि यीशु इस पूरी पुस्तक में हर तरह के कार्य करते हैं। विशेषतः, यहाँ आप प्रेरितों के काम 1 पद 24 को देखें। वे इसके बारे में प्रार्थना कर रहे थे कि यहूदा का स्थान किसे लेना चाहिए। *"और यह कहकर प्रार्थना की; कि हे प्रभु, तू जो सब के मन जानता है, यह प्रकट कर कि इन दोनों में से तू ने किस को चुना है। कि वह इस सेवकाई और प्रेरिताई का पद ले जिसे यहूदा छोड़ कर अपने स्थान को गया।" "हे प्रभु, तू सब के मन को जानता है; तू हम पर प्रकट कर।"*

आप प्रेरितों के काम 2:32 पर आएँ। इसे सुनें, *"इसी यीशु को परमेश्वर ने जिलाया, जिस के हम सब गवाह हैं।"* अब, पद 33 को सुनें, *"इस प्रकार परमेश्वर के दाहिने हाथ से सर्वोच्च पद पाकर, और पिता से वह पवित्र आत्मा प्राप्त करके जिस की प्रतिज्ञा की गई थी, उस ने यह उण्डेल दिया है जो तुम देखते और सुनते हो।"* प्रेरितों के काम 2 में पवित्र आत्मा को किस ने उण्डेला था? यीशु ने। यीशु ने ही इसे किया था, और आप नीचे पद 36 पर आते हैं, लिखा है कि पतरस प्रचार कर रहा है, और वह यीशु के बारे में कहता है, *"परमेश्वर ने उसी यीशु को जिसे तुम ने क्रूस पर चढ़ाया, प्रभु भी ठहराया और मसीह भी।"* वह प्रभु है, और इसलिए जब आप इस पुस्तक में "प्रभु" शब्द को देखते हैं, वह यीशु को बताता है। प्रेरितों के काम 2:47 में देखें। वे *"परमेश्वर की स्तुति करते थे, और सब लोग उन से प्रसन्न थेः और जो उद्धार पाते थे, उनको प्रभु प्रतिदिन उन में मिला देता था।"* यीशु उद्धार पाने वालों को उन में मिला रहा था। उसने पवित्र आत्मा को भेजा; वह राज्य को बढ़ा रहा है।

आप प्रेरितों के काम 9:3 पर आएँ, और आप मसीहियों को सताने वाले शाऊल को सड़क पर जाते हुए देखते हैं, और प्रेरितों के काम 9:3 में लिखा है, *"परन्तु चलते चलते जब वह दमिश्क के निकट पहुँचा, तो एकाएक आकाश से उसके चारों ओर ज्योति चमकी। और वह भूमि पर गिर पड़ा, और यह शब्द सुना, कि हे शाऊल, हे शाऊल, तू मुझे क्यों सताता है? उस ने पूछा; हे प्रभु, तू कौन है? उस ने कहा; मैं यीशु हूँ; जिसे तू सताता है।"* यह अचम्भित कर देने वाला पल है। यीशु इस सड़क पर शाऊल का सामना कर रहा है।

आप प्रेरितों के काम 9:10 पर आएँ, लिखा है, *"दमिश्क में हनन्याह नाम एक चेला था, उस से प्रभु ने दर्शन में कहा, हे हनन्याह! उस ने कहा; हाँ प्रभु। तब प्रभु ने उस से कहा, उठकर उस गली में जा जो सीधी कहलाती है, और यहूदा के घर में शाऊल नाम एक तारसी को पूछ ले; क्योंकि देख, वह प्रार्थना कर रहा है।"* यीशु हनन्याह को जाने के लिए कह रहा है। फिर, आप उसी अध्याय में, प्रेरितों के काम 9:32 पर आएँ, और इसे सुनें; यह ऐनियास की कहानी है,

> *और ऐसा हुआ कि पतरस हर जगह फिरता हुआ, उन पवित्र लोगों के पास भी पहुँचा, जो लुद्दा में रहते थे। वहाँ उसे ऐनियास नाम झोले का मारा हुआ एक मनुष्य मिला, जो आठ वर्ष से खाट पर पड़ा था। पतरस ने उस से कहा; हे ऐनियास! यीशु मसीह तुझे चंगा करता है; उठ, अपना बिछौना बिछा; तब वह तुरन्त उठ खड़ हुआ। और लुद्दा और शारोन के सब रहने वाले उसे देखकर प्रभु की ओर फिरे।*

और भी उदाहरण हैं, और जल्दी ही हम उन पर आएँगे।

तस्वीर यह है कि इस पूरी पुस्तक में, यीशु अपने राज्य को बढ़ा रहा है। अन्त में प्रेरितों के काम 20:30–31 तक, जहाँ लिखा है कि पौलुस रोम में था, पृथ्वी की छोर के केन्द्र में, और प्रभु यीशु मसीह के राज्य की घोषणा कर रहा था। यह सब यीशु कर रहा है। पूरे प्रेरितों के काम की पुस्तक में वह अपने राज्य को बढ़ा रहा है, और आज भी वह यही कर रहा है। यीशु अब भी पिता के दाहिने हाथ विराजमान है। अब भी वह उन लोगों पर अपना आत्मा उण्डेलता है जो उस पर विश्वास करते हैं, और यीशु इस शहर में अपने राज्य को बढ़ा रहा है; यीशु पृथ्वी की छोर तक अपने राज्य को बढ़ा रहा है; सब कुछ यीशु के नियंत्रण में है; वही इसे कर रहा है।

अतः, मैं कहता हूँ हम उससे जुड़ते हैं, और हम उससे यह कहते हुए किन्हीं शर्तों के साथ नहीं जुड़ते हैं कि, "हम इस प्रकार आप से जुड़ेंगे।" हम उससे जुड़ते हैं और कहते हैं, "आप क्या चाहते हैं कि हम आप से कैसे जुड़ें? आप जो भी कहते हैं मैं उसे करूँगा। आप हमसे बेहतर जानते हैं कि इस राज्य को कैसे बढ़ाना है। अतः, हम आप पर भरोसा रखेंगे। हम दण्डवत् करेंगे। हम आपसे प्रार्थना करेंगे, और हम आपके वचन में रहेंगे, और मैं आप से माँगता हूँ कि आप हमारे बीच में यह करें।"

यीशु ने हमें अपनी सामर्थ से ढाँपा है।

तीसराः हमें एक कलीसिया का खाली चैक देना है क्योंकि यीशु ने हम में से प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ से ढाँपा है। आप प्रेरितों के काम 1:8 पर आएँ, और वहाँ लिखा है, यीशु ने अपने चेलों से कहा, *"परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ पाओगे; और यरूशलेम और सारे यहूदिया और सामरिया में, और पृथ्वी की छोर तक मेरे गवाह होगे।"* लूका की पुस्तक के अन्त में, लूका 24 में यीशु ने अपने चेलों से कहा था, *"जब तक स्वर्ग से सामर्थ न पाओ, तब तक तुम इसी नगर में ठहरे रहो।"* यह एक महान वचन है, जिसका शाब्दिक अर्थ है, "वस्त्र पहनाना," और यही हो रहा है। उसने कहा, "तुम सामर्थ पाओगे।"

जब आप प्रेरितों के काम 2 पर आते हैं, पवित्र आत्मा नीचे उतरता है। ये लोग साहस के साथ भिन्न–भिन्न भाषाओं में बोलने लगते हैं जिन्हें पहले कभी उन्होंने नहीं बोला था, और ऐसी सामर्थ के साथ जो पहले कभी नहीं देखी गई थी। वे सुसमाचार का प्रचार करते हैं; पवित्र आत्मा की सामर्थ के कारण 3,000 लोग उद्धार पाते हैं, और सब लोग चकित हो जाते हैं। पहले, सब लोगों ने सोचा कि वे मदिरा के नशे में हैं क्योंकि वे अजीब भाषाओं में बोल रहे थे। फिर, आप प्रेरितों के काम 4:13 पर आते हैं, और आप एक पद को देखते हैं जो कहता है, "जब उन्हों ने पतरस और यूहन्ना का हियाव देखा, और यह जाना कि ये अनपढ़ और साधारण मनुष्य हैं, तो अचम्भा किया; फिर उन को पहचाना, कि ये यीशु के साथ रहे हैं।" हमारी कलीसिया साधारण लोगों से भरी है। खतरा यह हैः हमने यह रीति बनाई है कि हम एक या कुछ

लोगों को सामने लाकर शेष सारे लोगों को सिखाने का काम सौंप देते हैं। ये सामान्यतः वे व्यक्ति होते हैं जिन्हें इस कार्य को या उस कार्य को करने का वरदान प्राप्त होता है। ऐसा नहीं है, हम सब को परमेश्वर के अलौकिक आत्मा का वरदान दिया गया है। मसीह में विश्वास करने वालो, आपके अन्दर परमेश्वर का आत्मा है।

यीशु ने हमें एक ही उद्देश्य दिया है।

परमेश्वर अपनी सारी पूर्णता और अपनी सम्पूर्ण सामर्थ के साथ आप के अन्दर है और हम सब उस सामर्थ के साथ जा रहे हैं। हम किसी भी तरह से पीछे क्यों हटना चाहेंगे? नहीं, हम परमेश्वर को एक खाली चैक देते हैं। वह हमें अपने आत्मा से ढाँपता है, और चौथा, क्योंकि यीशु ने हम में से प्रत्येक व्यक्ति को एक ही उद्देश्य दिया है। उसने हम में से प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ से ढाँपा है और उसने हमें से प्रत्येक समान उद्देश्य दिया है। *"जब पवित्र आत्मा तुम पर उतरेगा तो तुम सामर्थ पाओगे और मेरे गवाह बनोगे।"* यहीं, संभवतः, मैं सबसे अधिक कायल हुआ हूँ। मैं हमारे द्वारा बनाई गई सारी पद्धति के द्वारा पूछना चाहता हूँ, "हम लोगों को मसीह में कैसे लाएँगे?" "चलो हम एक विशाल जगह तैयार करते हैं और संगीत होगा और कोई वरदान प्राप्त प्रचारक होगा, और वे इसे करेंगे; और इसी प्रकार हम लोगों की मसीह में अगुवाई करेंगे।" समस्या यह है, कि यदि सुसमाचार इस प्रकार पृथ्वी की छोर तक पहुँचने वाला है, तो हमें पूरे संसार में इसे दोहराना होगा, परन्तु खूबसूरती यह है कि हमें ऐसा करने की जरूरत नहीं है।

केवल मैं ही एकमात्र प्रचारक नहीं हूँ जो इस अध्ययन को करवा रहा है। आप सब प्रचारक हैं। अब, इसका मतलब यह नहीं है कि आप को हर सप्ताह एक प्रचार तैयार करना है, परन्तु इसका मतलब है कि हे मसीही तुम्हारे इस पृथ्वी पर होने का एक उद्देश्य हैः इस सुसमाचार का प्रचार करना। परन्तु, हम जाल में फँस जाते हैं। हम इस जाल में फँस जाते हैं कि यह केवल कुछ ही लोगों का काम है, हम आते हैं और सुनते हैं, और हम बढ़ते हैं और संघर्ष करते हैं, बस। नहीं, हम सब सुसमाचार के प्रचारक हैं, और यदि आप हर रविवार को यहाँ आते हैं, और हम सब प्रचार यहाँ नहीं छोड़ते हैं, हम बिन्दू से चूक रहे हैं। हम सुसमाचार को बर्बाद कर रहे हैं; हम अपने जीवनों को बर्बाद कर रहे हैं। हम सब सुसमाचार के प्रचारक हैं, और परमेश्वर ने आप को ऐसे स्थानों पर रखा है जिन लोगों के बीच में मैं कभी नहीं जाऊँगा या कभी नहीं रहूँगा, और यही मेरे जीवन की भी सच्चाई है। खूबसूरती यह है कि उसी ने यह सब तैयार किया है, उसके पास सारे संसार में सारे विश्वासी हैं। उसके पास हम 4,000 लोग हैं, और उसने हम में से प्रत्येक के जीवनों को इस प्रकार बनाया है कि हम जहाँ भी जाएँ सुसमाचार का प्रचार करें। उसने हमें एक समान उद्देश्य दिया है, इसलिए उसे खाली चैक दो।

संसार हमारा लक्ष्य है।

परमेश्वर को खाली चैक देने का पाँचवाँ कारण है कि संसार हमारा लक्ष्य है। हम उसे खाली चैक देते हैं क्योंकि संसार हमारा लक्ष्य है कि हम *"यरूशलेम में, यहूदिया में, और सामरिया में और पृथ्वी की छोर तक गवाह बनें।"* यह लक्ष्य था। आत्मा संसार को मसीह के लिए चाहता है। वह तब भी संसार को मसीह के लिए चाहता था, और अब भी वह संसार को मसीह के लिए चाहता है। मुझे जल्दी से आप को इसके बारे में बताना चाहिए।

मुझे चार–साढ़े चार वर्षों से इस कलीसिया की पासबानी करने का सौभाग्य प्राप्त है, और मैं कलीसियाई उन्नति के बारे में विभिन्न सामग्रियों को पढ़ रहा था, क्योंकि पहले मैं ने कभी पासबानी नहीं की थी। मुझे पता नहीं था कि मैं क्या कर रहा हूँ, और अब भी पता नहीं है, और मैं ने पढ़ा, "तुम्हें अपने समुदाय में लक्ष्य श्रोताओं को चुनने की जरूरत है। आप की कलीसिया किन लोगों तक पहुँचना चाहती है? कोई मध्यम–वर्गीय, उच्च–मध्यम वर्गीय, व्यवसायी पुरूष या स्त्री जिनके पास आमदनी और परिवार हो। तो, उस व्यक्ति तक हम कैसे पहुँचेंगे?" उन्होंने यह कहा। मैं उसे पढ़ रहा हूँ, और मैं कहता हूँ, "नहीं।" अतः, हमने बात की कि हम औसत मध्यम–वर्गीय पुरूष या स्त्री के पास नहीं जाएँगे, इसलिए नहीं कि वह महत्वपूर्ण

नहीं है; वे वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि हम चाहते हैं वे लोग मसीह में आएँ। हम उन्हें मसीह में लाने के लिए परिश्रम करेंगे, परन्तु हम उनसे बढ़कर संसार भर के पुरूषों और स्त्रियों के लिए परिश्रम करेंगे। हमने यही कहा था।

हमने अफ्रीका में उस व्यक्ति तक पहुँचने के लिए परिश्रम करने की बात की थी जो घोर गरीबी में रहता है। वह व्यक्ति जो ऐसे लोगों के समूह में रहता है जिसने कभी सुसमाचार नहीं सुना है और वही रीति उसे पसन्द है। वह व्यक्ति जो ऐसे लोगों के समूह में रहता है जो उन तक सुसमाचार पहुँचाने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति का शत्रु है। हम उस व्यक्ति तक पहुँचना चाहते हैं जो जानता है कि उसके कबीले में जब किसी ने मसीह पर विश्वास किया तो उसे उसके माता–पिता ने मार दिया, और हमने कहा, "हम उस व्यक्ति तक पहुँचेंगे, और मध्यम–वर्गीय व्यवसायी पुरूष या स्त्री को बाहर रखने के द्वारा नहीं है।" अतः, हम यहाँ हमारे आस–पास के लोगों तक पहुँचेंगे, परन्तु यदि हम हमारे आस–पास के लोगों पर ही ध्यान देते हैं, तो हम उस आज्ञा को तोड़ते हैं जो मसीह ने हमें दी है, जो पृथ्वी की छोर तक उसके सुसमाचार को पहुँचाने के बारे में है।

अतः, हम मध्यम–वर्गीय व्यक्ति को मसीह में लाना चाहते हैं, और जब वह आ जाता है, तो हम कहना चाहते हैं, "तुम्हारे जीवन का उद्देश्य दूसरों तक सुसमाचार पहुँचाना है। तुम्हारा जीवन और तुम्हारे संसाधन और तुम्हारा परिवार सारी जातियों तक सुसमाचार को पहुँचाने में खर्च करने के लिए हैं।" हम उन लोगों तक सुसमाचार को कैसे पहुँचा सकते हैं जिन्होंने इसे कभी नहीं सुना है? हम आप को सुसमाचार सुनाने पर बल दे रहे हैं, ताकि संसार के दूसरे हिस्से के व्यक्ति तक पहुँच सकें, और जब हम उसके पास पहुँच जाते हैं तो हम अगली जाति की ओर जाएँगे जिन्होंने कभी सुसमाचार नहीं सुना है, जब तक कि "सुसमाचार से वंचित" शब्द शब्दावली से समाप्त न हो जाए।

अतः, बात यह है। कुछ वर्ष पूर्व, एक मध्यम–वर्गीय व्यवसायी जो मेरे द्वारा अभी बताए गए विवरण के बिल्कुल अनुरूप है, वह इस कलीसिया की सेवकाई के द्वारा मसीह में आया, और उसने उद्धार पाया। उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर एक छोटे झुण्ड को आरम्भ किया और इस समूह में युगलों की अगुवाई करने लगा। उनके छोटे समूह का एक युगल हाल ही सुसमाचार से वंचित समूहों तक सुसमाचार को पहुँचाने के लिए संसार के दूसरे हिस्से में चला गया। मध्यम–वर्गीय व्यवसायी को संसार के सुसमाचार से वंचित लोगों तक सुसमाचार को पहुँचाने के लिए बुलाया गया था, और यही हमारा लक्ष्य है। जब परमेश्वर का आत्मा हमारे अन्दर होता है तो हमारा लक्ष्य हमेशा संसार होता है, क्योंकि परमेश्वर का आत्मा संसार को मसीह के लिए चाहता है। इसीलिए हमें उसे खाली चैक देना है– क्योंकि संसार हमारा लक्ष्य है और वचन हमारी गारण्टी है।

वचन हमारी गारण्टी है।

छठा, वचन हमारी गारण्टी है। आप पूरी प्रेरितों के काम की पुस्तक में देखें, और बार–बार आप देखेंगे, लिखा है, *"पवित्रशास्त्र की बात पूरी हुई।"* इसमें लिखा है कि यीशु के क्रूस पर मरते समय भी वह पूरा हुआ जो पवित्रशास्त्र में लिखा था। आप प्रेरितों के काम 1:16 में इसे देखते हैं, खूबसूरती यह है कि पवित्रशास्त्र, वचन हमारी गारण्टी है। इस वचन ने वायदा किया है कि यह सुसमाचार इस ग्रह की प्रत्येक जाति तक पहुँचेगा, अतः हमें सफलता की गारण्टी दी गई है। इसीलिए हम खाली चैक दे रहे हैं क्योंकि हमें इसके बारे में चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है कि इसमें संसाधनों को लगाने से अन्त में यह सफल होगा या नहीं; अन्त में यह सफल होगा। अपना सारा धन इसमें लगा दो; अपने सारे संसाधन इसमें लगा दो क्योंकि इस कार्य में सफलता की गारण्टी है, और यह छठा है, क्योंकि वचन हमारी गारण्टी है।

आत्मा यहाँ है।

सातवाँ, क्योंकि आत्मा यहाँ है। प्रेरितों के काम 2:1–13 में, आप आत्मा को उतरते हुए देखते हैं और सम्पूर्ण तस्वीर पिन्तेकुस्त की है। परमेश्वर का आत्मा आता है, और हमारे समय में यह कहने की अत्यधिक प्रवृत्ति है, "हम चाहते हैं कि आत्मा आए और इस कार्य को या उस कार्य को करे।" खूबसूरती यह है कि आत्मा आ चुका है। आत्मा यहाँ है। आत्मा हमारे बीच में है। अब हमें प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। प्रेरितों के काम 1 में उन्हें प्रतीक्षा करने की जरूरत थी। प्रेरितों के काम 2 में, आत्मा उतरा, और उसके बाद, उन्होंने कोई प्रतीक्षा नहीं की। अतः, हमें आत्मा के लिए प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। आत्मा यहाँ है, इसलिए आओ हम उसे खाली चैक दें।

दाँव ऊँचे हैं।

अगला, आठवाँ, क्योंकि दाँव ऊँचे हैं। इसीलिए हमें अपनी कलीसिया के साथ परमेश्वर को खाली चैक देना है क्योंकि दाँव ऊँचे हैं। आप प्रेरितों के काम 2:37 के अन्त पर आएँ, और उन्होंने पतरस के प्रचार को सुना। *"उनके हृदय छिद गए..."* और उन्होंने पूछा, *"हम क्या करें?"* और पतरस ने उनसे कहा, *"तुम में से हर एक अपने पापों की क्षमा के लिए मन फिराए और बपतिस्मा ले।"* पद 40 में लिखा है, *"उसने बहुत और बातों में भी गवाही दे देकर समझाया।"* अतः, पतरस के उस जोश को महसूस करो जब वह कहता है, *"अपने आप को इस टेढ़ी जाति से बचाओ।"* भाइयो और बहनो, दाँव ऊँचे हैं।

हम इस प्रचार में जो बात कर रहे हैं वह इस जीवन में किसी भी अन्य बात से अत्यधिक बड़ी है। ये लोगों के अनन्तकाल के आनन्द के लिए स्वर्ग में या अनन्तकाल के दण्ड के लिए नरक में जाने के बारे में है। क्या हमें इसका अहसास है कि दाँव पर क्या लगा है? कि हमारे शहर के लोग यदि मसीह में नहीं आते हैं तो सदा–सर्वदा के लिए नरक में जलेंगे; वे सब जो संसार के दूसरे भागों में प्रतिदिन मर रहे हैं और उन्होंने सुसमाचार को नहीं सुना है? क्या आप मेरी बात को समझ रहे हैं? क्या आप वास्तव में इस पर विश्वास करते हैं? क्योंकि यदि वास्तव में आप विश्वास करते हैं कि यही दाँव पर लगा है तो आरामदायक कलीसियाई संस्कृति का कोई मतलब नहीं रहेगा, बिल्कुल भी नहीं यदि हम वास्तव में मानते हैं कि यह दाँव पर लगा है।

मसीह की महिमा हमारे लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं छोड़ती है।

नौवाँ कारण क्योंकि मसीह की महिमा हमारे लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं छोड़ती है। *"परमेश्वर ने उसी यीशु को जिसे तुम ने क्रूस पर चढ़ाया, प्रभु भी ठहराया और मसीह भी।"* वह जी उठा हुआ मुक्तिदाता है, वह महिमा प्राप्त प्रभु है। यीशु प्रभु है और हम अपने आराम से बढ़कर उसकी महिमा को चाहते हैं। हम उसकी महिमा को उन कार्यों के तरीकों से अधिक चाहते हैं जैसे कि उन्हें किया जाता रहा है। हम उसकी महिमा को हमारी परम्पराओं से अधिक चाहते हैं। हम हमारी प्राथमिकताओं से बढ़कर उसकी महिमा को चाहते हैं। हम सारी जातियों में उसकी महिमा को चाहते हैं, और इसीलिए हम खाली चैक देने जा रहे हैं क्योंकि हम अपने शहर में उसकी महिमा को देखना चाहते हैं। हम संयुक्त राज्य में उसकी महिमा को देखना चाहते हैं और सारी जातियों में उसकी महिमा को देखना चाहते हैं। खाली चैक अर्थपूर्ण है; मसीह की महिमा हमारे लिए और कोई विकल्प नहीं छोड़ती है।

मसीह का आगमन हमारे अन्दर उत्सुक अपेक्षा जगाता है।

दसवाँः क्योंकि मसीह का आगमन हमारे अन्दर उत्सुक अपेक्षा जगाता है। प्रेरितों के काम 1:11 कहता है, *"यही यीशु, जो तुम्हारे पास से स्वर्ग पर उठा लिया गया है, जिस रीति से तुम ने उसे स्वर्ग को जाते देखा है उसी रीति से वह फिर आएगा।"* वह वापस आ रहा है। वह आज या कल या अगले वर्ष वापस आ सकता है, और मत्ती 24:14 से हम जानते हैं कि जब संसार की सारी जातियों में राज्य के सुसमाचार का प्रचार होगा तब वह आ जाएगा। अतः, महान आज्ञा के पूर्ण होने पर वह वापस आ रहा है, और इसके बारे में हम पहले बात कर चुके हैं। क्या आप सोचते हैं कि हम हमारे समय में महान आज्ञा की पूर्णता को देख सकते हैं? हमारे पास संसाधन हैं, और सर्वाधिक महत्वपूर्ण, परमेश्वर का आत्मा हमारे अन्दर है। क्या हम

वास्तव में हमारे समय में महान आज्ञा की पूर्णता को देख सकते हैं? भाइयो और बहनो, मैं कहता हूँ हम इस कोशिश में अपनी जान लगा दें। इसीलिए हम उसे खाली चैक दे रहे हैं।

Permissions: You are permitted and encouraged to reproduce and distribute this material provided that you do not alter it in any way, use the material in its entirety, and do not charge a fee beyond the cost of reproduction. For web posting, a link to the media on our website is preferred. Any exceptions to the above must be approved by Radical.

Please include the following statement on any distributed copy: By David Platt. © David Platt & Radical. Website: Radical.net